*SANDESH*
HPPCL E-Newsletter
October-December 2022
Vol. II/2022 |Issue XXXI

## प्रधानमंत्री ने चंबा में रखी हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की दो जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 13 अक्तूबर, 2022 को को प्रदेश के चंबा जिला में दो जलविद्युत परियोजनाओं 48 मेगावाट चांजू-III जलविद्युत परियोजना और 30.5 मेगावाट देवथल-चांजू जलविद्युत परियोजना की आधारशिला रखी। इन दोनों परियोजनाओं से वार्षिक 270 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा और प्रदेश को लगभग 110 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा।

प्रधानमंत्री ने राज्य में लगभग 3125 किलोमीटर सड़कों के उन्नयन के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)-3 का भी शुभारंभ किया। केंद्र सरकार द्वारा पीएमजीएसवाई-3 के शुरूआती चरण में राज्य के 15 सीमावर्ती और दूर-दराज के ब्लॉकों में 440 किलोमीटर सड़कों के उन्नयन के लिए 420 करोड़ से अधिक रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

रोजगार के मामले में पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार इस क्षेत्र की क्षमता को यहां के लोगों की शक्ति में बदलने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में पानी और जंगल की संपत्ति अमूल्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंबा देश के उस क्षेत्र से संबंधित है जहां जलविद्युत का उत्पादन शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है, उनसे बिजली उत्पादन के क्षेत्र में चंबा और हिमाचल की हिस्सेदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चंबा से उत्पन्न बिजली से



**Prime Minister laying the Foundation Stone of HPPCL Projects**



**Prime Minister Sh. Narendra Modi being presented a Himachali Shawl**



हिमाचल को करोड़ों रुपये का आर्थिक लाभ मिलेगा और यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी उन्हें ऐसी 4 बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखने का अवसर मिला था। कुछ दिन पहले ही बिलासपुर में आरम्भ हुए हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज से हिमाचल के युवाओं को भी फायदा होगा।

बागवानी, पशुपालन, शिल्प और कला में हिमाचल की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने फूलों, चंबा के चुख, राजमा मदरा, चंबा चप्पल, चंबा थाल और पांगी की थांगी जैसे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की प्रशंसा की। उन्होंने इन उत्पादों को देश की विरासत बताया। वोकल फॉर लोकल का उदाहरण देते हुए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयासों के लिए स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की सराहना की। प्रधानमंत्री ने बताया कि एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत हिमाचल में बनने वाले उत्पादों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है और वह इन उत्पादों को विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं, ताकि हिमाचल का नाम पूरी दुनिया में विख्यात हो और उत्पादों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी मिल सके। हिमाचल प्रदेश के विरासत और पर्यटन का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कुल्लू में दशहरा महोत्सव की अपनी यात्रा का स्मरण करते हुए कहा कि हमारे पास एक तरफ विरासत और दूसरी तरफ पर्यटन है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को हिमाचली टोपी, शॉल और चंबा रुमाल भेंट करके उनका अभिनंदन किया।

समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्य एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, सांसद किशन कपूर, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मनाया 16वां स्थापना दिवस

हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 18 दिसम्बर, 2022 को अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में 16वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक डॉ अजय कुमार शर्मा ने पॉवर कॉर्पोरेशन का झण्डा फहराया। स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की शपथ भी दिलवाई।




**Chief Guest being presented Flower Bouquet**



Dr Ajay Sharma, Managing Director, HPPCL addressing employees on Raising Day



Dr. Ajay Sharma, Managing Director unfurling HPPCL Flag

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि निगम हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर ऊर्जा उत्पादन द्वारा प्रदेश की समृद्धि में कार्यरत है। वर्ष 2022 हमारे लिए उपलब्धि भरा रहा है । इस वर्ष हमने बहुत प्रतीक्षित चंबा जिले में बनने वाली 48 मेगावाट क्षमता की चांजू-3 जल विद्युत परियोजना और 30.5 मेगावाट क्षमता की देवथल-चांजू जल विद्युत परियोजना के निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित की और इसी माह 48 मेगावाट क्षमता की चांजू-3 जल विद्युत परियोजना निर्माण के लिए सिविल पैकेज-1 और 2 के कार्य आबंटित किए हैं । इन दोनों परियोजनाओं का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 13 अक्टूबर ,2022 को चम्बा से किया गया। ये दोनों जल विद्युत परियोजनाएं फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी एएफडी (AFD) से वित्तपोषित हैं, जिसके लिए भारत सरकार के साथ 80 मिलियन यूरो का समझौता ज्ञापन पहले ही हो चुका है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन की 281 मेगावाट क्षमता की 4 परियोजनाएं परिचालनाधीन चरण में हैं। तीन परिचालनाधीन जल विद्युत परियोजनाओं और एक सौर परियोजना से इस वर्ष अच्छा विद्युत उत्पादन हुआ है, जिससे निगम को बढ़िया राजस्व प्राप्त हुआ है। 580 मेगावाट क्षमता की 2 परियोजनाएं क्रमशः काशंग स्टेज-2 और-3 जल विद्युत परियोजना (130 मेगावाट) और शोंगटोंग कड़छम जल विद्युत

परियोजना (450 मेगावाट ) का कार्य निर्माणाधीन चरण में है। शोंगटोंग कड़छम का निर्माण कार्य इस वर्ष संतोषजनक गति से अग्रसर हुआ है।

डॉ अजय कुमार शर्मा ने कहा कि 40 मेगावाट क्षमता की रेणुका जी बांध परियोजना के निर्माण के लिए भी पिछले एक वर्ष में गति आई है। यह परियोजना भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय की तकनीकी एडवाइजरी कमेटी द्वारा पहले ही अनुमोदित की जा चुकी है। हरित ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि के लिए 200 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स स्थापित करने के लिए निगम दृढ़संकल्प है। इसके लिए 720 करोड़ रूपये की राशि वर्ल्ड बैंक के सहयोग से प्राप्त होगी, जिसके लिए वित्तीय संस्था ने हामी भर दी है। 191 मेगावाट क्षमता की थाना प्लॉन जल विद्युत परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत आयोग ने अनुमोदित कर दी है और और इस परियोजना को भी हम निर्माण चरण में ले जाने के लिए प्रयासरत है।

हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन ने अपनी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पॉलिसी बनाई है, जिसका अनुपालन सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं में किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुकेश रेपस्वाल निदेशक कार्मिक एवं वित्त, सुरेंदर कुमार निदेशक सिविल, राकेश चंद नेगी डी जी एम इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्ट एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## HPPCL Power Projects earn revenue of Rs.338.87 Crore in the three quarters of FY 2022-23

The four under operation HPPCL Power Projects generated 836.28 million units of electricity till 31st December, 2022 earning revenue of Rs. 338.87 Crores to the organization in this financial year.

HPPCL has four power projects under operation; three hydro and one solar power plant. 100 MW Sainj Hydro Electric Project generated 392.71 million units of electricity earning revenue of Rs.188.51 Crores till 31st December in this financial year. The project has generated 2127 million units of electricity since its commissioning in 2017. 65 MW Kashang Hydroelectric



Project generated 142.04 million units of electricity earning revenue of Rs.48.47 Crores during the period.

111 MW Sawra Kuddu Hydroelectric Project commissioned on 21st January, 2021 also added revenue to HPPCL this year. The Project has generated 295.30 million units of electricity earning revenue of 99.23 Crores to the State. The first operational Solar Power Project of Himachal Pradesh 5 MW Bera Dol Solar Power Plant generated 6.23 million units of electricity during the period earning revenue of Rs.2.66 Crores to the State exchequer.

## Agreement for Package -I & Package-II of Chanju –III Hydro Electric Project Signed

The agreement for the construction of package-2 of Chanju-III Hydro Electric Project (48 MW) was signed by HPPCL & M/s MSB-ACNC JV Gurgaon on 9th December, 2022. It includes the Power House & Forbay works of the project. The cost of this package is Rs.161.08 Crores and completion time is four years and six months. Another agreement for



**The signing of agreement by HPPCL & M/s MSB-ACNC JV Gurgaon in the presence of MD, HPPCL.**

package-I of Chanju-III Hydro Electric Project (48 MW) construction for an amount of Rs. 189.44 Crore was signed by HPPCL & M/s MSB-ACNC JV Gurgaon on 15th December,2022 at Himachal Pradesh Secretariat in the presence of Dr. Ajay Kumar Sharma, Managing Director, HPPCL. It includes intake & Head Race Tunnel works of the project. The completion time for this package is fifty four months. Chanju-III Hydro Electric Project is located in Churah Tehsil of Chamba District and is being funded by French Development Agency AFD.

# RETIREMENTS



Er. Satya Pal Sharma, General Manager (EC) retired from service on 31.12.2022 & was given a warm sendoff by HPPCL employees at Corporate Office



Er. Hitender Sharma, General Manager (Civil) retired from service on 31.12.2022 after attaining the age of superannuation & was given a warm farewell by HPPCL employees at Corporate Office

# ART WORKS BY CHILDREN OF HPPCL EMPLOYEES



Mr. Arjun Lotheta, S/O Sh. Rahul Lotheta




Ms. Anahita Gupta, D/O Ms. Anita Gupta, Corporate Office




Mr.Rishav Shandilya, S/O Ms. Bhawna, Sharma, Corporate Office




Mr. Venu Gopal Sharma S/O Sh. Ved Prakash Sharma

**FOR FEEDBACK AND SUBSCRIPTION, WRITE TO US AT:**

Sh. Rahul Lotheta, Manager (PR),
Editor, e-Newsletter,
Himachal Pradesh Power Corporation Ltd., Corporate Office, Himfed Building, BCS, New Shimla, Shimla-171009 (H.P.).
Email: enewsletter@hppcl.in
prohppcl@gmail.com

**EDITORIAL BOARD**
Sh. Mukesh Repaswal, IAS , Patron
Sh. Ved Prakash Sharma, Advisor
Sh. Rahul Lotheta, Editor

**PUBLISHED BY:**
Himachal Pradesh Power Corporation Ltd., Corporate Office, Himfed Building, BCS, New Shimla, Shimla-171009
Email: enewsletter@hppcl.in